वैदिक सभ्यता के निर्माता अपने को आर्य तथा अपने शत्रुओं को दास अथवा दस्यु कहते थे। दास अथवा दस्यु के संबंध में कुछ जानकारी वैदिक साहित्य में उनके लिए प्रयुक्त कुछ विशेषणों से मिलती है। इन विशेषणों के अनुसार वे काले रंग के **लिंगपूजक** और **चिपटी नाक** वाले थे। उनकी बोली समझ में नहीं आती थी। वे यज्ञ नहीं करते थे, उनके पास पुर थे, उनका सरदार शम्बर पत्थर की 100 पूरों का स्वामी था। इनमें से अधिकांश विशेषताएं सिंधु घाटी सभ्यता के निर्माताओं पर लागू होती हैं। कुछ विद्वान मानते हैं कि इन्हीं के लिए दस्यु तथा दास शब्द प्रयुक्त किये गये हैं।

मोहनजोदड़ो को छोड़कर कहीं भी सिंधु घाटी सभ्यता के नगरों के अवशेषों में हिंसा और आक्रमण के कोई संकेत नहीं मिलते हैं। सिंधु घाटी सभ्यता का अंत लगभग 1750 ई. पू. से 1500 ई. पू. के आस-पास माना जाता है। इस प्रकार वैदिक काल का विस्तार लगभग 1500 ई.पू. से लगभग 500 ई.पू. तक मान सकते हैं।

ऋग्वेद के प्रमाण सप्त सिंधु अर्थात सात नदियों की भूमि वाले भौगोलिक क्षेत्र से सम्बद्ध है। यह क्षेत्र पंजाब और निकटवर्ती हरियाणा का है। किन्तु ऋग्वेद के भूगोल में गोमती के मैदान, दक्षिणी अफगानिस्तान और दक्षिणी जम्मू कश्मीर भी सम्मिलित है।

आर्यों का विस्तार

भारत में आने के पूर्व सर्वप्रथम आर्य ईरान पहुंचे। वहां हिन्द-ईरानी लोगों ने काफी समय तक निवास किया। विश्व की सबसे प्राचीन कृति ऋग्वेद से ही हमें आर्यों के विषय में जानकारी मिलती है। कवियों अथवा ऋषियों के विभिन्न परिवारों द्वारा अग्नि, मित्र, वरुण आदि देवताओं की स्तुति में रची गयी प्रार्थनाओं का ही ऋग्वेद में संकलन है। ऋग्वेद में 10 मण्डल हैं, जिनमें से दो से सात तक के मण्डल सबसे प्राचीन हैं। पहला और दसवां मण्डल सम्भवत: बाद में जोड़ा गया था।

ईरानी भाषा के सबसे प्राचीन ग्रंथ **'अवेस्ता'** और **ऋग्वेद** में अनेक समानताएं हैं। दोनों में न केवल अनेक देवताओं के बल्कि सामाजिक वर्गों के नाम भी समान हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि भारतीय आर्य तथा ईरानी आर्य किसी समय एक ही स्थान पर इकट्ठे रहते थे। वह स्थान ईरान अथवा भारत के पास हो सकता है, जहां से आर्यों की एक शाखा ईरान को, दूसरी भारत को और तीसरी यूरोप को गयी होगी।

इराक से प्राप्त **1600 ई.पू.** के कस्सी अभिलेखों में और ई.पू. चौदहवीं सदी के मितन्नी अभिलेखों में जिन आर्य नामों का उल्लेख मिलता है, उनसे सूचित होता है कि आर्यों की एक ईरानी शाखा पश्चिम की ओर चली गयी।

भारत में आर्यों का आगमन **1500 ई.पू.** के कुछ पहले हुआ। उनके आगमन के विषय में स्पष्ट एवं ठोस पुरातात्त्विक प्रमाण नहीं मिलते। सम्भवत: वे कोटरवाली कुल्हाड़ियां, कांसे की कटारें और खड्ग का इस्तेमाल करते थे। पश्चिमोत्तर भारत से इस प्रकार के हथियार प्राप्त हुए हैं।

आर्यों का आरंभिक निवास पूर्वी अफगानिस्तान, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती भू-भाग में था। ऋग्वेद में **अफगानिस्तान की कुभा (काबुल)** जैसी कुछ नदियों के **और सिंधु** तथा इसकी पांच सहायक नदियों का उल्लेख मिलता है। सिंधु ऋग्वैदिक आर्यों की सबसे प्रमुख नदी थी और उल्लेख बार-बार किया है गया है। दूसरी नदी जिसका उन्होंने कई बार उल्लेख किया है 'सरस्वती' थी, जो अब राजस्थान के रेगिस्तान में लुप्त हो गयी है। झेलम (वितस्ता), चिनाब (अश्किनी), रावी (पुरुष्णी) तथा सतलज (शतुद्री) अन्य नदियां थीं। भारत के जिस प्रदेश में आर्य लोग सर्वप्रथम आबाद हुए उसे 'सप्तसिंधु' प्रदेश कहा गया है।

ऋग्वेद के महत्वपूर्ण शब्द

1.	राज्य	1 बार	2.	विश	170 बार
3.	जन	275 बार	4.	गंगा	1 बार
5.	शूद्र	1 बार	6.	समिति	9 बार
7.	सभा	8 बार	8.	यमुना	3 बार
9.	कृषि	24 बार	10.	विदथ	22 बार

प्रारंभिक व्याख्याओं के अनुसार इंडो-आर्यों के स्थानांतरण का सिद्धांत इस तथ्य पर आधारित है कि वे पश्चिम एशिया से भारतीय उप-महाद्वीप में आये थे। ये प्रवासी वेदों के रचयिता माने जाते हैं इसलिए इनको वैदिक जन कहा गया है। इस ऐतिहासिक व्याख्या के अनुसार भारत में **आर्यों का आगमन** कई चरणों में हुआ। यहां के स्थानीय दास-दस्युओं से इनका संघर्ष हुआ। चूंकि प्राचीन ईरानी साहित्य में भी दासों के उल्लेख मिलते हैं, इसलिए प्रतीत होता है कि वे आरंभिक आर्यों की ही एक शाखा थे। ऋग्वेद से ज्ञात होता है कि दिवोदास, जो भरत कुल का था **शंबर को हराया था**, के नाम के साथ 'दास' शब्द जुड़ा है।

अध्याय 6

महाजनपदों से नंद तक राज्य निर्माण

छठीं शताब्दी ई.पू. से लेकर चौथी शताब्दी ई.पू. के मध्य तक भारतीय इतिहास में अनेक महत्वपूर्ण घटनाऐं घटीं। इस युग में जहां एक ओर **महाजनपदों** का उदय हुआ तथा **सामाजिक-आर्थिक** और **राजनीतिक जीवन** में बदलाव आया, तो दूसरी तरफ **धार्मिक क्षेत्र** में उल्लेखनीय **क्रान्ति** हुई। इस आन्दोलन के परिणामस्वरूप पुरानी धार्मिक मान्यताऐं बदल गईं और नये धर्मों का उदय हुआ। इसी अवधि में मगध में **साम्राज्यवाद** का विकास हुआ, जिसने अन्ततः मौर्य साम्राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

उत्तर वैदिक काल में कबीलाई राज्यों की जगह क्षेत्रीय राज्य स्थापित करने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है। उतर वैदिक काल में हमें विभिन्न जनपदों का अस्तित्व दिखाई देता है। इस काल तक वर्तमान पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बिहार (झारखंड) में लोहे का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाने लगा था। लौह तकनीक ने लोगों के भौतिक जीवन में बड़ा परिवर्तन उत्पन्न कर दिया तथा इससे स्थायी जीवन-यापन की प्रवृत्ति सुदृढ़ हो गयी। **कृषि, व्यापार, उद्योग, वाणिज्य** आदि के विकास के चलते छोटे-छोटे जनों का स्थान जनपदों ने ग्रहण कर लिया जो ई. पू. छठीं शताब्दी तक आते-आते जनपद, महाजनपदों के रूप मे विकसित हो गये।

महाजनपदों का उदय

महाजनपदों के उदय के विषय में जानकारी वैदिक तथा बौद्ध साहित्य से प्राप्त होती है।

वैदिक साहित्यः वैदिक साहित्य ऋग्वेद में अनुष्ठान के तरीकों का उल्लेख है। ऋग्वेद में जनों का उल्लेख आता है, परन्तु जनपदों का नहीं है। जनपद शब्द वैदिक संहिताओं में भी 'जनपद' शब्द का प्रयोग नहीं मिलता है। सर्वप्रथम इसका प्रयोग ब्राह्मण ग्रंथों में हुआ है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि जनपदों का उदय ब्राह्मणकाल में हुआ। महात्मा बुद्ध के समय तक आते-आते इन जनपदों का पूर्ण विकास हो गया। **डॉ. वासुदेव शरण** अग्रवाल के अनुसार **"लगभग एक सहस्त्र ईस्वी पूर्व से पांच सौ ईस्वी पूर्व तक के युग को भारतीय इतिहास में जनपद या महाजनपद युग कहा** जा सकता है।" जिस प्रदेश में एक जन स्थायी रूप से बस गया, वही उसका जनपद (राज्य) हो गया।

प्रारम्भ में जनपद में किसी एक वर्ग विशेष के मनुष्य ही रहते थे। अतः उनका जीवन एक ही जातीय, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परम्परा के ऊपर संगठित था, परन्तु कालान्तर में अन्य वर्ग एवं जातियों के लोग भी आकर उनके जनपदों में बसने लगे। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान तो हुआ, परन्तु बहुत समय तक राजसत्ता एकमात्र आदि जन के प्रतिनिधियों के हाथ में रही। प्रत्येक जनपद में बहुसंख्यक गाँव और नगर होते थे।

काशिकाकार इतिहासकार ने लिखा है कि ग्रामों का समुदाय ही जनपद है। धीरे-धीरे जनपदों की संख्या कम होने लगी। छोटे जनपद बड़े जनपदों में परिवर्तित होने लगे। इस भांति देश में महाजनपद काल का उदय हुआ।

बौद्ध साहित्यः संघ के नियमों को बताने वाली विनय पिटक, बुद्ध के उपदेशों का संग्रह सुत्त पिटक तथा अलौकिक समस्याओं का उल्लेख करने वाली अभिधम्म पिटक से महाजनपद के विषय में जानकारी मिलती है। बुद्ध के पूर्व जन्मों के विषय को बताने वाली जातक कथाएं सुत्त पिटक का अंग है, जो उस समय के समाज की स्पष्ट जानकारी प्रदान करती है।

महाजनपद

महाजनपद नई राजनैतिक-भौगोलिक इकाइयां, जिनमें गहपति, व्यापारी तथा शासक एवं शासित के बीच संबंध के नए प्रतिमान दिखाई पडे, महाजनपद कहलाए। महाजनपद का तात्पर्य मगध, कौशल आदि ऐसे विशाल जनपदों से था, जिनपर शक्तिशाली राजा अथवा अभिजात वर्ग राज करते थे।

बौद्ध ग्रंथों में सोलह महाजनपदों के विषय में उल्लेख मिलता है। बौद्ध ग्रथों में जहां भी बुद्ध का उल्लेख मिलता है वहां बार-बार इन महाजनपदों की मुख्य बस्तियों का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

महात्मा बुद्ध के आविर्भाव के पूर्व भारतवर्ष **16 महाजनपदों** में विभक्त था। बौद्ध ग्रंथ **अंगुत्तरनिकाय, जो कि सुत्त पिटक का अंग है,** में इनके नाम निम्न प्रकार मिलते हैं-1. अंग, 2. मगध, 3. काशी, 4. कोशल, 5. वज्जि, 6. मल्ल, 7. चेदि, 8. वत्स, 9. कुरु, 10. पांचाल, 11. मत्स्य, 12. शूरसेन, 13. अस्सक, 14. अवन्ति, 15. गांधार, 16. कम्बोज।

महावस्तु में इसी प्रकार की सूची मिलती है, लेकिन इसमें गांधार और कम्बोज के स्थान पर शिवि (पंजाब या राजपूताना) तथा दर्शाण (मध्य भारत) का उल्लेख किया गया है। भगवती सूत्र (जैन ग्रंथ) में भी 16 राज्यों का जिक्र किया गया है- 1.अंग, 2. बंग, 3. मगध 4. मलय, 5. मालव, 6. अच्छ, 7. वच्छ, 8. कच्छ, 9. पाघ, 10. लाघ, 11. वज्जि, 12.मोलि, 13. काशी, 15. कोशल, 15. अवा तथा 16. सम्मुतर।

दोनों सूचियों में 1. अंग, 2. मगध, 3. वत्स, 4. वज्जि, 5.काशी, 6. कोशल समान हैं। जैन सूची में मालवा और बौद्ध सूची के क्रमशः अवन्ति और मल्ल का उल्लेख है। परन्तु शेष जनपदों में अन्तर है। जैन सूची बाद की प्रतीत होती है। बौद्ध ग्रंथ में उल्लिखित सभी राज्य सर्वसत्ता सम्पन्न गण अथवा संघ राज्य थे। इनमें वज्जि, मल्ल तथा शूरसेन आदि प्रमुख गणराज्य थे और मगध, वत्स, अवन्ति तथा कौशल आदि प्रमुख राजतंत्र थे। राजतंत्रों में कुलीन तन्त्रात्मक व्यवस्था थी।

अध्याय 7

मौर्य साम्राज्य

मौर्यकालीन इतिहास के स्रोत

भारत पर अलेक्जेंडर के आक्रमण के समय, नंद वंश के शासन काल में मगध साम्राज्य दुर्जेय शक्ति के रूप में उभरा, जिसे मौर्य शासकों ने अपने शासनकाल के दौरान चरम पर पहुंचाया था।

मौर्यकालीन इतिहास, सभ्यता और संस्कृति की जानकारी विविध स्रोतों से प्राप्त होती है। इन स्रोतों में साहित्यिक साक्ष्य, विदेशी वृतांत तथा पुरातात्त्विक प्रमाण महत्त्वपूर्ण हैं। इन स्रोतों का विवरण इस प्रकार है:

1. साहित्यिक स्रोत

मौर्यकालीन इतिहास के संबंध में विविध प्रकार के साहित्यिक ग्रंथों से जानकारी मिलती है। ब्राह्मण, बौद्ध तथा जैन साहित्य इस वंश के इतिहास पर प्रचुर प्रकाश डालते हैं। ब्राह्मण साहित्य में पुराण,बौद्ध ग्रथों में दीपवंश, महावंश, महावंशटीका, महाबोधिवंश और जैन सहित्यों में भद्रबाहु का कल्पसूत्र तथा हेमचन्द्र का परिशिष्टपर्वन प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त कौटिल्य का अर्थशास्त्र एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इन साहित्यिक स्रोतों का अलग-अलग विवरण प्रस्तुत करना समीचीन प्रतीत होता है।

पुराण: पुराणों से मौर्यों के विषय में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी हासिल होती है। विष्णु पुराण से विदित होता है कि मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त का जन्म नंद राजा की **मुरा** नामक पत्नी से हुआ था।

ब्राह्मण ग्रंथ चन्द्रगुप्त मौर्य को **शूद्र या नीच कुल** में उत्पन्न बताते हैं। पुराणों में ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ काल्पनिक प्रसंगों का भी वर्णन किया गया है।

मौर्य साम्राज्य के प्रांत

क्र.	प्रांत	राजधानी	क्र.	प्रांत	राजधानी
1.	उत्तरापथ	तक्षशिला	2.	अवन्ति	उज्जयिनी
3.	कलिंग	तोसली	4.	दक्षिणापथ	सुवर्णगिरि
5.	प्राशी	पाटलिपुत्र			

अर्थशास्त्र: मौर्यवंश के प्रशासन संबंधी जानकारी का साक्ष्य हमें कौटिल्य के अर्थशास्त्र से प्राप्त होता है। इसका ज्ञान **सर्वप्रथम विद्वानों को 1909 ई.** में हुआ। सम्पूर्ण अर्थशास्त्र को **15 अधिकरण एवं 180 प्रकरणों** में विभक्त किया गया है। इस ग्रंथ से न केवल राजनैतिक

मौर्यकालीन इतिहास के स्रोत



अध्याय 8

मौर्योत्तर भारत

मौर्य राजाओं के काल में ही भारत का राजनीतिक परिदृश्य **विकेन्द्रीकरण का शिकार** हो गया। ऐसी स्थिति में दो तरह की प्रवृत्तियां सामने आईं। (1) प्रवृत्ति के तहत आंतरिक शक्तियां पारस्परिक संघर्षों में उलझी रहीं और **शुंग, कण्व** एवं सातवाहन जैसे राजवंशों ने उपमहाद्वीप के अधिकांश भू-भाग पर शासन किया। (2) **प्रवृत्ति** को प्रथम प्रवृत्ति का ही **तार्किक परिणाम** माना जा सकता है, जिसके तहत पश्चिमोत्तर क्षेत्र में बाह्य शक्तियों की गतिविधियां सक्रिय रूप से दिखाई दीं। सर्वप्रथम बैक्ट्रिया के यवन, उसके बाद पार्थियन, फिर शक और अंततः कुषाणों ने भारत पर सफल आक्रमण किए। इस प्रकार मध्य एशिया के साथ संपर्क के कारण आर्थिक क्रिया-कलापों एवं सांस्कृतिक साहचर्य का नवीन रूप उपस्थित हुआ।

मौर्योत्तर काल के स्त्रोत

मौर्योत्तर काल के इतिहास के विषय में जानने के लिए साहित्यिक और अभिलेखिय स्त्रोत महत्वपूर्ण है।

साहित्यिक स्त्रोतः इस अवधि के अध्ययन के लिए पतंजलि के **महाभाष्य, दिव्यावदान, पुराण, कालिदास** के **मालविकाग्निमित्र** तथा बाणभट्ट के हर्षचरित प्रमुख है। इसके अलावा **ग्रीक** और **लैटिन** स्त्रोत से इस अवधि के शासकों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। इसके साथ ही पाली ग्रंथ मिलिंद-पन्हा से इस अवधि के यवन राजा मिनंडर और बौद्ध धर्म के बारे में जानकारी मिली है।

अभिलेखिय स्त्रोतः अयोध्या, विदिशा और भरहुत से प्राप्त शिलालेखों से इस अवधि के शासकों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। इसके साथ ही उत्तर भारत से प्राप्त सिक्कों से उस समय के शासको के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। इन सिक्कों पर उस समय के शासकों के नाम अंकित हैं। इस अवधि के राजनीतिक इतिहास के विषय में जानकारी मध्य एशिया के स्त्रोतों से होती है। खरोष्ठी लिपि में लिखे शिलालेख गंधार में संख्या में पाए गए हैं और इसके साथ ही मध्य एशिया से कई खरोष्ठी दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं।

शुंग इतिहास के स्रोत

1. **साहित्यः** गार्गी संहिता, महाभाष्य, दिव्यावदान, मालविकाग्निमित्र, हर्षचरित, लामा तारानाथ का विवरण
2. **अभिलेखः अयोध्या, विदिशा** (भिलसा)
3. **सिक्केः** कौशाम्बी, अयोध्या, अहिच्छत्र तथा मथुरा से प्राप्त

शुंग राजवंश (185 ई.पू.-75 ई.पू.)

पुष्यमित्र शुंग इस राजवंश का **संस्थापक** था, जिसने अंतिम **मौर्य** राजा की हत्या कर मगध के सिंहासन पर अधिकार किया। इसकी पुष्टि कन्नौज के हर्षवर्धन के दरबारी **कवि बाण** (बाणभट्ट) द्वारा की गई है। शुंग ब्राह्मण थे और कभी-कभी यह आरोप लगाया जाता है कि पुष्यमित्र ने ब्राह्मण विद्रोह के रूप में मौर्य राजा की हत्या की। किंतु यह आरोप अब निराधार साबित हो चुका है कि मौर्य शासक असहिष्णु थे क्योंकि पुष्यमित्र स्वयं ब्राह्मण था और मौर्यकाल में सेनापति जैसे उच्च पद पर नियुक्त था।

पाणिनि के अनुसार शुंग भारद्वाज गोत्र के थे। **कालिदास के मालविकाग्निमित्र** में पुष्यमित्र के पुत्र **अग्निमित्र** का वर्णन है, जिसे बिम्बिका कुल से संबंधित माना गया है।

पुष्यमित्र द्वारा मौर्य सिंहासन पर अधिकार का उल्लेख पुराणों और बाणभट्ट की हर्षचरित में है। **राजनैतिक महत्वाकांक्षा** और आंतरिक दुर्बलता को ही **मौर्य-साम्राज्य** के पतन का कारण माना जाता है। डा. हरप्रसाद शास्त्री ने शुंगों को **पारसी** तथा दिव्यावदान नामक पुस्तक ने मौर्य माना है। **परंतु वास्तविकता** यह है कि **शुंग ब्राह्मण** थे। क्योंकि कालिदास ने उन्हें बैम्बिक वंशीय, बौधायन सूत्र ने बैम्बिक कश्यप गोत्रिक तथा तारानाथ ने ब्राह्मण राजा कहा है।

गार्गी संहिता और युग पुराण से यह पता चलता है कि भारत पर हुए **यवन आक्रमण** के प्रतिरोध की शक्ति मौर्य राजाओं में नहीं थी। आक्रमणकारी पश्चिमोत्तर क्षेत्र के अधिकांश भाग पर अपना अधिकार स्थापित कर चुके थे, यहां तक कि उनकी प्रतिध्वनि अयोध्या, काशी एवं पाटलिपुत्र में भी सुनाई पड़ रही थी। परंतु पुष्यमित्र ने उनका सामना किया और एक मजबूत साम्राज्य की स्थापना की।

उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में उसका साम्राज्य विस्तृत था। उनका साम्राज्य सम्पूर्ण गंगा घाटी, नर्मदा नदी क्षेत्र एवं उत्तरी दक्कन में विदर्भ और बरार तक विस्तृत था। कुछ समय के लिये सिन्धु तट क्षेत्र भी उसके साम्राज्य के अन्तर्गत आते थे।

पाटलिपुत्र उसके शासन का मुख्य क्षेत्र था, जबकि दूसरा प्रमुख प्रशासनिक केन्द्र **विदिशा** में था। **अयोध्या अभिलेख** से पता चलता है कि पुष्यमित्र ने **दो बार अश्वमेध** यज्ञ किये एवं ब्राह्मण धर्म को बढ़ावा दिया। उसके एक अश्वमेघ यज्ञ के प्रधान पुरोहित पतंजलि थे।

पतंजलि के महाभाष्य, 'गार्गी संहिता' तथा **'मालविकाग्निमित्र'** से पता चलता है कि पुष्यमित्र ने यवनों को परास्त किया, जो उसकी महान उपलब्धि थी। उसने विदर्भ राज्य के शासक यज्ञसेन से कुपित होकर विदर्भ को दो भागों में बांट दिया और एक भाग माधवसेन तथा दूसरा भाग यज्ञसेन को देकर उनसे अपनी अधीनता स्वीकार करवा ली। कलिंग राज्य से भी पुष्यमित्र का संघर्ष हुआ था। पुष्यमित्र **ब्राह्मणवादी** था, इसलिये कहा जाता है कि उसने **बौद्धों पर काफी** अत्याचार किये। परंतु यह भ्रामक मालूम पड़ता है। क्योंकि उसी के काल में **भरहुत** एवं

अध्याय 9

संगम काल

संगमयुगीन संस्कृति

पाषाण युगीन संस्कृति के पश्चात् **सुदूर दक्षिण में महापाषाण संस्कृति** का उद्भव हुआ। इस संस्कृति के अनेक पुरातात्विक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। खारवेल के एक पुराने शिलालेख में तमिल देश के राज्यों का उल्लेख मिलता है। खारवेल ईस्वी पूर्व दूसरी सदी के पूर्वार्द्ध में कलिंग का शासक था। ऐसा कहा जाता है कि अपने शासन के ग्यारहवें वर्ष (ईस्वी पूर्व 165) में उसने तमिल राज्य के **113 वर्ष पुराने** तमिल देश **'संघात्मक'** को नष्ट कर दिया। इसके अतिरिक्त मेगास्थनीज के विवरण तथा अशोक के अभिलेख में भी इसका उल्लेख मिलता है।

इस संस्कृति के लोग **लोहे के** प्रयोग से **परिचित थे** और **काले तथा लाल मृदभाण्ड** का प्रयोग करते थे। इस संस्कृति के लोग अपनी विशिष्ट प्रकार की कब्रगाह के लिए प्रसिद्ध थे, जिनको **'महापाषाण'** कहते हैं। ये कब्रगाह बड़े-बड़े पत्थर के टुकड़ों से घिरे होते थे। इन कब्रों में न केवल दफनाए गये लोगों के **अस्थि पंजर**, बल्कि मिट्टी के बर्तन और **लोहे की वस्तुएं** भी मिली हैं।

इस संस्कृति में शवों के साथ वस्तुओं को कब्रों में दफनाने की प्रथा थी जिससे ज्ञात होता है कि मृत व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता परलोक में पड़ती होगी। ये वस्तुयें उनके **जीविकोपार्जन के स्रोतों** के बारे में संकेत देती हैं। हम उनमें बाणाग्र, बरछे की नोक, फावड़े तथा हंसिया पाते हैं। ये सब चीजें लोहे की बनी होती थीं। लोहे के त्रिशूल भी महापाषाण कब्रों में पाये गये हैं।

संगम साहित्य से भी सुदूर दक्षिण के तीन शक्तिशाली **राज्यों चेर, पाण्ड्य तथा चोल शासकों** के आरंभिक इतिहास एवं उस समय की संस्कृति का उल्लेख मिलता है।

संगमकालीन राजकीय चिन्ह

चेर	:	धनुष
चोल	:	बाघ या चीता
पांड्य	:	मछली

दक्षिण भारत का **क्रमबद्ध इतिहास संगम साहित्य** (तीसरी या चौथी सदी के साहित्य) से प्राप्त होता है। 'संगम' एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ **'सभा'** होता है। इस सभा में तमिल कवि या विद्वान एकत्र होते थे। प्रत्येक कवि अथवा लेखक अपनी रचनाओं को संगम के समक्ष प्रस्तुत करता था तथा इसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाने के बाद किसी भी रचना का प्रकाशन सम्भव था।

दक्षिण भारत में पाण्ड्य राजाओं के संरक्षण में कुल **तीन संगम आयोजित** किये गये। इन संगमों में संकलित साहित्य को ही **'संगम साहित्य'** के नाम से जाना जाता है। संगम साहित्य विभिन्न आठ संग्रह ग्रंथों में समाहित मिलता है। इन संगमों का विवरण इस प्रकार है-

प्रथम संगम: प्रथम संगम का आयोजन पाण्ड्यों की प्राचीन राजधानी **मदुरा** में हुआ था। इसकी अध्यक्षता **अगस्त्य ऋषि** ने की। अगस्त्य ऋषि को ही दक्षिण में आर्य सभ्यता के प्रचार का श्रेय प्रदान किया जाता है। इस संगम में 549 विद्वानों ने भाग लिया। इस प्रथम संगम को 89 पाण्ड्य शासकों का संरक्षण प्राप्त था। इस संगम के कार्यकाल में 4499 विद्वानों को अपनी रचनाएं प्रकाशित करने की अनुमति दी गयी थी।

यह संगम 4,400 वर्षों तक चला। इसमें अक्कतिमय परिपादल, मदुनरै इत्यादि ग्रंथों का संकलन किया गया। इनमें कोई भी ग्रंथ आज उपलब्ध नहीं है। मदुरा नगर के समुद्र में विलीन हो जाने के कारण प्रथम संगम भी समाप्त हो गया। इस संगम के सदस्यों में प्रमुख थे-तिरिपुरमेरिध, मुरुगवल तथा मुदिनागरायर।

द्वितीय संगम: मदुरा के पतन के पश्चात् **पाण्ड्य राजाओं के संरक्षण** में दूसरा संगम नये **नगर कपाटपुरम्** अथवा **अलैवे** में आयोजित किया गया। इस संगम की अध्यक्षता भी **ऋषि अगस्त्य** ने की। बाद में उनका स्थान उनके शिष्य तोलकाप्पियर ने लिया। इस संगम में तमिल भाषा के 49 विद्वानों ने भाग लिया। इस द्वितीय संगम को 59 पाण्ड्य शासकों ने संरक्षण प्रदान किया। परम्परानुसार इस संगम में 3700 कवियों को अपनी रचना प्रकाशित करने की अनुमति प्रदान की गयी। यह संगम 3700 वर्षों तक चला।

संगमकालीन प्रमुख स्थल

1.	वंजी या करूर	:	चेर राज्य की प्रशासनिक राजधानी
2.	मुसिरी	:	चेर राज्य की तटीय (बंदरगाह) राजधानी
3.	उरैयुर	:	चोल राज्य की प्रशासनिक राजधानी
4.	कावेरी पट्टनम	:	चोल राज्य की तटीय राजधानी
5.	मदुरई	:	पाण्ड्य राज्य की प्रशासनिक राजधानी
6.	कोरकई	:	पाण्ड्य राज्य की तटीय राजधानी
7.	कांची	:	पल्लवों की राजधानी
8.	पट्टिनम	:	समुद्र किनारे का नगर
9.	सलाई	:	मगर की मुख्य सड़क
10.	टेरु	:	नगर की मुख्य गली
11.	चेरी	:	उपनगर

इस संगम के दौरान जिन ग्रंथों की रचना हुई, उनमें अकतियम, मापुरानम, भूतपुरानम, व्यालमलय, तोलकाप्पियम इत्यादि उल्लेखनीय हैं। इस संगम द्वारा संकलित ग्रंथों में एकमात्र **'तोलकाप्पियम'** ही अवशिष्ट है। यह पुस्तक तमिल व्याकरण की विख्यात पुस्तक है। इस ग्रंथ की रचना **ऋषि अगस्त्य** के एक शिष्य **तोलकाप्पियर** ने की थी। द्वितीय

अध्याय 10

गुप्त साम्राज्य

भारतीय इतिहास में गुप्त काल का इतिहास श्रेष्ठतम स्थान रखता है। कुषाण साम्राज्य के पतन के पश्चात् उत्पन्न हुई **राजनीतिक अव्यवस्था** और **अस्थिरता को समाप्त** करके गुप्त सम्राटों ने भारत को सुव्यवस्था और राजनीतिक स्थिरता प्रदान की।

प्राय: **200 वर्षों** तक गुप्त सम्राटों ने सम्पूर्ण उत्तर भारत और उत्तर-पश्चिम के प्रदेशों को राजनीतिक एकता प्रदान की, विदेशी सत्ता से भारत को मुक्त किया, छोटे-छोटे राजतंत्र, कुलीनतंत्र और जनतंत्रीय राज्यों को नष्ट कर दिया और एक बार फिर साम्राज्यवादी धारणा को जीवित किया। एक के बाद एक योग्य और शक्तिशाली गुप्त सम्राटों ने सम्पूर्ण उत्तर भारत को एक शासन-सूत्र में बांध दिया।

इन्होंने दक्षिण भारत के वाकाटक और पल्लव शासकों की नीतियों को प्रभावित किया और उन्हें अपने प्रभाव और श्रेष्ठता को मानने के लिए बाध्य किया।

गुप्त सम्राटों ने बर्बर हूण जाति के आक्रमणों से भारत की रक्षा की। इसके अतिरिक्त आर्थिक वैभव और बौद्धिक प्रगति गुप्त काल की अन्य विशेषताएं थीं जिनके कारण धर्म, साहित्य, कला, विज्ञान आदि सभी क्षेत्रों में भारत ने अद्वितीय प्रगति की। **हिन्दू धर्म का पुनरुत्थान**, **धार्मिक सहिष्णुता**, **संस्कृत भाषा** और **साहित्य की श्रेष्ठता** का निर्माण और **कला तथा विज्ञान** की दृष्टि से **अद्वितीय** प्रगति आदि सभी कुछ इस काल की देन रही।

गुप्त काल में भारत की हिन्दू संस्कृति का प्रसार उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में हुआ जिससे बृहत्तर भारत का निर्माण हुआ।

राजनीतिक और सैनिक शक्ति, कृषि, व्यापार और उद्योगों की प्रगति से उत्पन्न आर्थिक सम्पन्नता, समाज और धर्म में सहिष्णुता तथा उदार दृष्टिकोण, विज्ञान और कला में अन्वेषण-प्रवृत्ति, बौद्धिक ज्ञान की लालसा और साहित्य में रुचि, विदेशों में हिन्दू संस्कृति के प्रसार आदि ने गुप्त काल को एक महान युग और प्राचीन भारत के इतिहास का **'स्वर्ण-काल'** कहलाने का अधिकारी बना दिया।

गुप्त साम्राज्य का स्रोत

कुषाण साम्राज्य के पतन से लेकर गुप्त साम्राज्य के उदय तक के काल को जानने के स्रोत अथवा साधन इतने नगण्य हैं कि उस सदी को भारतीय इतिहास में **'अंधकारपूर्ण सदी'** पुकारा गया है। परन्तु हमें चौथी सदी से गुप्त काल के इतिहास को जानने के साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाते हैं, जो निम्नवत् हैं:

गुप्तवंश के शासक

• शासक का नाम	शासन का वर्ष
• श्रीगुप्त	लगभग 240-280 ई.
• घटोत्कच	लगभग 280-319 ई.
• चद्रगुप्त प्रथम	320-335 ई.
• समुद्रगुप्त	335-375 ई.
• रामगुप्त	375-380 ई.
• चन्द्रगुप्त द्वितीय	380-415 ई.
• कुमारगुप्त महेन्द्रादित्य	415-455 ई.
• स्कन्दगुप्त	455-467 ई.
• पुरुगुप्त	467-473 ई.
• कुमारगुप्त द्वितीय	473-477 ई.
• बुधगुप्त	477-495 ई.
• नरसिंहगुप्त (बालादित्य)	495-430 ई.
• भानुगुप्त और वैन्यगुप्त	510-517 ई.
• कुमारगुप्त III	530-543 ई.
• विष्णुगुप्त	543-550 ई.

साहित्यिक स्रोत

साहित्यिक स्रोतों में पुराणों का महत्वपूर्ण स्थान है। पुराणों की संख्या 18 है, किन्तु ऐतिहासिक दृष्टि से **'वायु पुराण', 'ब्रह्माण्ड पुराण', 'मत्स्य पुराण', 'विष्णु पुराण' और 'भागवत पुराण'** अत्यधिक महत्व रखते हैं। पुराणों से गुप्त साम्राज्य तथा उसके विभिन्न प्रान्तों और सीमाओं का स्पष्ट संकेत मिलता है।

पुराणों के अनुसार चन्द्रगुप्त प्रथम प्रयाग, साकेत (अयोध्या) तथा मगध में राज्य करता था। समुद्रगुप्त के राज्य के पूर्वार्द्ध में उसके समकालीन शासकों जैसे **नाग** तथा **वाकाटक** वंश और **सिन्धु तथा पश्चिमी** पंजाब के शक आदि का पूर्ण विवरण पुराणों से ही प्राप्त होता है।

के.पी. जायसवाल मानते हैं कि नारद का समय पूर्व गुप्त काल था। सम्भवत: वृहस्पति भी पूर्व गुप्त काल में ही जीवित रहे। व्यास, हारित, पितामह और पुलस्त्य की स्मृतियां भी सम्भवत: गुप्त काल में ही लिखी गयी थीं। **'कामन्दक नीतिसार'** की रचना सम्भवत: चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय में उसके प्रधानमंत्री शिखर ने की। पुस्तक का उद्देश्य राजा को आदेश देना था।

काव्य नाटक **'सेतुबन्धकाव्य'** या **'सेतुकाव्य'**, **'कौमुदीमहोत्सव'**, **'देवीचन्द्रगुप्तम्'** और **'मुद्राराक्षस'** से गुप्त साम्राज्य के विषय में उल्लेखनीय जानकारी प्राप्त होती है। 'सेतुबन्धम्' एक प्राकृत काव्य है जिसकी रचना वाकाटक राजा प्रवरसेन ने की थी।

अध्याय 11

गुप्त काल के परवर्ती राज्य

वाकाटक राजवंश

तीसरी शताब्दी ईस्वी से छठीं शताब्दी ईस्वी तक **दक्षिणापथ** में शासन करने वाले समस्त राजवंशों में वाकाटक वंश सर्वाधिक सम्मानित तथा सुसंस्कृत था। इस यशस्वी राजवंश ने मध्य भारत तथा दक्षिण भारत के ऊपरी भाग में शासन किया। यह मगध के चक्रवर्ती गुप्त वंश का समकालीन था। इस राजवंश के लोग **विष्णुबुद्धि गोत्र के ब्राह्मण** थे तथा उनका मूल निवास स्थान **बरार** (विदर्भ) में था।

इतिहास के स्त्रोत

वाकाटक इतिहास के अध्ययन के लिए हम साहित्य तथा अभिलेख दोनों का उपयोग करते हैं।

साहित्य स्त्रोत: साहित्य के अन्तर्गत पुराणों तथा **बाणभट्ट कृत** 'हर्षचरित' का उल्लेख किया जा सकता है। इनमें अन्य राजवंशों के साथ-साथ वाकाटक वंश का भी उल्लेख हुआ है।

अभिलेखीय स्त्रोत: वाकाटक वंश के **अनेक लेख** जैसे- 1. हरहा का लेख, 2. जौनपुर का लेख, 3. असीरगढ़ का मुद्रालेख, 4. बराबर तथा नागार्जुनी के लेख, 5. बड़वा-यूप अभिलेख, 6. सोहनाग का लेख प्राप्त हुए हैं, जिनके अध्ययन से हम इस वंश के इतिहास का ज्ञान करते हैं। प्रमुख लेखों का विवरण इस प्रकार है:

1. प्रभावती गुप्ता का पूना ताम्रपत्र
2. प्रवरसेन द्वितीय का रिद्धपुर ताम्रपत्र
3. प्रवरसेन द्वितीय की चमक प्रशस्ति
4. हरिषेण का अजन्ता गुहाभिलेख

पूना तथा रिद्धपुर के ताम्रपत्रों से वाकाटक-गुप्त सम्बन्धों पर भी प्रकाश पड़ता है। इनसे प्रभावती गुप्ता के व्यक्तित्व तथा कार्यों के विषय में भी जानकारी मिलती है। **अजन्ता गुहाभिलेख** इस वंश के शासकों की राजनैतिक उपलब्धियों का विवरण देता है। इससे पता चलता है कि इस राजवंश का संस्थापक विन्ध्यशक्ति था।

मूल निवास स्थान: डॉ. के.पी. जायसवाल ने वाकाटकों का मूल निवास स्थान **बुन्देलखण्ड** को बताया है, जबकि कुछ अन्य विद्वान उसे सुदूर दक्षिण बताते हैं। परन्तु अधिकांशतया यह माना जाता है कि वे मध्य प्रदेश के किसी भाग में रहते थे। यह भी माना जा सकता है कि वे आरम्भ में सातवाहन शासकों के अधीन शासक थे अथवा उनके प्रान्तपति थे।

ऐतिहासिक स्त्रोतों से ज्ञात होता है कि अपनी उन्नति की चरम सीमा पर पहुंचने के समय वाकाटकों के साम्राज्य में सारा बुन्देलखंड का प्रदेश बरार, मध्य प्रांत तथा कुछ दक्षिण के उत्तरी भाग के हिस्से शामिल थे।

विन्ध्यशक्ति (255-275 ई.)

वाकाटक राजवंश की स्थापना विन्ध्यशक्ति ने 255 ईस्वी के लगभग की थी। विन्ध्यशक्ति विष्णुवृद्धि गोत्र का ब्राह्मण था। उसके पूर्वज सातवाहनों के अधीन बरार के स्थानीय शासक थे।

सातवाहनों के पतन के पश्चात विन्ध्य शक्ति ने अपनी स्वतन्त्रता घोषित कर दी। **अजन्ता अभिलेख** में उसे **'वंश केतु'** कहा गया है। उसके नाम से अनुमान लगता है कि उसका राज्य विन्ध्याचल पर्वत के निकट रहा होगा और वाकाटक जिसके नाम पर उसके वंश का नाम पड़ा, वहीं पर किसी स्थान का नाम था। उसने अपने पैतृक राज्य को विन्ध्यपर्वत के उत्तर में पूर्वी मालवा तक विस्तृत किया।

प्रवरसेन प्रथम (275-335 ई.)

विन्ध्यशक्ति के पश्चात उसका पुत्र तथा उत्तराधिकारी **प्रवरसेन प्रथम** (275-335 ईस्वी) शासक हुआ। वाकाटक वंश का वह अकेला ऐसा शासक था जिसने 'सम्राट' की उपाधि धारण की थी। वह एक विजेता शासक था जिसने अपने राज्य को सभी दिशाओं में विस्तृत किया। उसके साम्राज्य में उत्तरी महाराष्ट्र, बरार, मध्य प्रान्त तथा हैदराबाद का एक बड़ा भाग शामिल था। इसके अतिरिक्त दक्षिणी कौशल, बघेलखण्ड, मालवा, गुजरात तथा सौराष्ट्र में भी उसका शासन स्थापित हुआ। पुराणों से पता लगता है कि **प्रवरसेन प्रथम ने चार अश्वमेध यज्ञ** किये थे।

वाकाटक वंश के शासक

	शासक का नाम	शासन का वर्ष
1.	विन्ध्यशक्ति	255-275 ईस्वी
2.	प्रवरसेन प्रथम	275-335 ईस्वी
3.	रुद्रसेन प्रथम (प्रधान शाखा)	335-360 ईस्वी
4.	पृथ्वीसेन प्रथम	360-385 ईस्वी
5.	रुद्रसेन द्वितीय	385-390 ईस्वी
6.	प्रभावती गुप्ता का संरक्षण काल	390-410 ईस्वी
7.	प्रवरसेन द्वितीय (दामोदरसेन)	410-440 ईस्वी
8.	नरेन्द्रसेन	440-460 ईस्वी
9.	पृथ्वीषेण द्वितीय	460-480 ईस्वी
10.	सर्वसेन (संस्थापक, बासीम शाखा)	330-350 ईस्वी
11.	विन्ध्यशक्ति द्वितीय	350-400 ईस्वी
12.	हरिषेण	475-510 ईस्वी

अध्याय 12

महत्वपूर्ण शब्दावली

विशिष्ट पारिभाषिक शब्दावली

* **प्रागैतिहास:** प्रागैतिहास से तात्पर्य उस काल से है, जिसका कोई लिखित साक्ष्य नहीं मिलता।
* **आद्य इतिहास:** आद्य इतिहास वह है जिसमें लिपि के साक्ष्य तो हैं, किन्तु उनके अपठ्य या दुर्बोध होने के कारण उनसे कोई निष्कर्ष नहीं निकलता।
* **ऐतिहासिक काल:** जिस काल से लिखित साक्ष्य उपलब्ध होने लगते हैं, वह ऐतिहासिक काल है।
* **प्लाइस्टोसीन एज (प्रतिनूतन काल):** इस सभ्यता का उदय व विकास आज से लगभग पाँच लाख वर्ष पूर्व हुआ माना जाता है।
* **कोर प्रणाली (Core Tradition):** इसके अन्तर्गत किसी पाषाण खण्ड को छील कर अभीष्ट हथियार अथवा औजार की आकृति दे दी जाती थी।

हड़प्पा कालीन पारिभाषिक शब्दावली

* **ताम्राश्म:** इस सभ्यता में उपकरण बनाने के लिए ताम्र के साथ-साथ पत्थर का भी उपयोग किया जाता था। अतएव यह संस्कृति (सिंधु सभ्यता) ताम्राश्म संस्कृति के नाम से भी जानी जाती है।
* **कोचली मिट्टी:** इस मिट्टी में पत्थर के महीने चूरे को आटे की तरह सानकर वस्तुएँ बनाई जाती थी जिन्हें बाद में आग में पकाया जाता था। इस प्रकार की मिट्टी का प्रयोग लोथल में हुआ है।
* **दरियापंथी:** सिंधु सभ्यता में नदी पूजकों का एक सम्प्रदाय था, जो 'दरियापंथी' कहलाता था।
* **त्रिशीर्ष:** शिव को 'त्रिशीर्ष' कहा जाता है।
* **त्रिशृंग:** महाभारत में शिव को त्रिशृंग अर्थात तीन सींग वाला बताया गया है।
* **आर.एच.-37:** हड़प्पा के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक कब्र।
* **बाउस्ट्रोफेडन:** सिंधु सभ्यता की लेखन प्रणाली, इसमें पहली पंक्ति दाहिनी से बाईं ओर तथा दूसरी बाईं से दाहिनी ओर लिखी गई है।
* **इंगलिश बाण्ड पद्धति:** यह मकान की दीवार मजबूत बनाने की एक प्रक्रिया है। इस पद्धति में ईंटों की एक तह लम्बाई में, फिर एक तह चौड़ाई में, फिर एक तह लम्बाई में, फिर एक तह चौड़ाई में रखी जाती है और यह प्रक्रिया पूरी दीवार में दोहराई जाती है, जिससे ईटों के किनारे एक सीध में नहीं पड़ते और दीवार मजबूत बनती है। सिंधु सभ्यता में दीवारों की चुनाई में ईटों का प्रयोग इसी पद्धति पर किया गया है।

ऋग्वैदिक पारिभाषिक शब्दावली

* **कुलप:** परिवार के प्रमुख को कुलप कहते थे।
* **विश :** ग्राम के ऊपर की एक प्रशासनिक इकाई थी।
* **स्पश:** राज्य का गुप्तचर था।
* **चर्षिनी:** यह शब्द ऋग्वेद में कृषि के लिए आया है।
* **वेद त्रयी:** प्रथम तीन वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद वेद त्रयी के नाम से जाने जाते हैं।
* **गविष्टि:** इसका अर्थ गायों की खोज था।
* **पणि:** पशुओं का चोर था।
* **रयि:** इसकी गणना मुख्यत: मवेशियों से होती थी।
* **भागदुध:** कर संग्रह करने वाला अधिकारी भागदुध कहलाता था।
* **गोवि कर्तन:** आखेट में राजा का साथी।
* **क्षतृअक्षावाप:** जुए का निरीक्षक।
* **इभ्य:** धनवान व्यक्ति।
* **अमाजू:** दीर्घकाल तक अविवाहित रहने वाली कन्याएं।
* **सृणि:** दरौती के कतिपय अवशेष।
* **विशमत्ता:** उत्पादक वर्गों का भक्षक।
* **अब्रह्मन:** वेदों को न मानने वाले।
* **मृध्रवाक:** कटु वाणी वाले, इसका प्रयोग आर्यों के एक अन्य शत्रु पणियों के लिए भी किया गया है।
* **श्मश्रु:** दाढ़ी को 'श्मश्रु' कहा जाता था।
* **पुरचीरेष्णु:**दुर्गों का भेदन करने वाला यंत्र।
* **रत्नी:** ग्रामणी, सूत, रथकार और कर्मार को 'रत्नी' कहा गया है।
* **नियोग प्रथा:** विधवा स्त्री का पुत्र प्राप्ति के निमित्त अपने देवर के साथ पत्नी के रूप में रहना।
* **दुहिता:**पुत्रियों को कहा जाता या क्योंकि परिवार की गायों को दुहने का दायित्व उन्हीं पर था।

उत्तर वैदिक कालीन पारिषाषिक शब्दावली

* **अरिष्टा:** अथर्ववेद में समिति को 'अरिष्टा' कहा गया है।
* **अक्षवाप:** आय-व्यय का विवरण रखने वाला अक्षवाप कहलाता था।
* **पालागरव:** दूत या संदेशवाहक।
* **भागदुध:** कर संग्रह करने वाले अधिकारी को भागदुध कहते थे।
* **परिषद:** उच्च शिक्षा के लिए नियमित संस्था 'परिषद' थी।
* **क्षौम:** धनी तथा राजघराने के लोगों द्वारा पहने जाने वाला वस्त्र।
* **निष्क:** ऋग्वैदिक काल का आभूषण, जो उत्तरवैदिक काल में सिक्का माना जाने लगा।